तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026


12 सोलर पावर प्लांट स्थापना को लेकर ग्रामीणों में ...



12 होली फेथ स्कूल में हुआ ओपन माइक कंपीटिशन...





## खबर संक्षेप

### बोड़रीदादर में कन्नौजे सेन समाज की वार्षिक बैठक आज

**कोमाखान।** कन्नौने सेन समाज की रात्रिकालीन वार्षिक बैठक आज सोमवार को ग्राम बोडरीदादर स्थित चंडी मंदिर परिसर में रखी गई है। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद सेन, सचिव डेमन सेन ने बताया कि बैठक रात आठ बजे प्रारंभ होगी। बैठक में वार्षिक व्यय की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। तदुपरांत समाज उत्थान के लिए विभिन्न विषयों चर्चा कर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी आवेदन (प्रकरण) पर मंथन कर उचित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में कोमाखान के अलावा खरियार रोड, तेंदूकोना, बावनकेरा, गांजर व पिथौरा नगर से सामाजिक बंधुगण शामिल होंगे। अध्यक्ष व सचिव ने बैठक में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### वृद्धों को लॉयंस क्लब ने कराया भोजन

**महासमुंद।** मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर लायंस क्लब महासमुंद के सदस्यों ने आशियाना वृद्धाश्रम के लोगों को भोजन कराया। आश्रम के 25 बुजुर्गों के अलावा घरौंदा विकलांग सदन के 25 विकलांग और दोनों संस्थाओं के 15 स्टाफ सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही लॉयंस द्वारा वृद्धाश्रम की अन्य जरूरतों के संबंध में भी जानकारी ली गई। तत्पश्चात लायन प्रकाश साकरकर ने एक मिक्सी और चार स्टील बाल्टी तथा लायन मूलचंद लड्ढा ने एक वजन मापी मशीन देने की घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्ष लॉयन पारस चोपड़ा, लायन अवतार सिंह मल्होत्रा, लायन ताराचंद चांडक, लायन नासिर अली सैफी, लायन सलीम कुरैशी, लायन मुकेशकांत साहू आदि उपस्थित थे।

# बिना तिरपाल खुले में पड़ा धान, सहकारी समितियों को बर्बादी का डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में खरीदी समाप्त होने के बाद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। लेकिन, उठाव की गति धीमी होने के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिले के उपार्जन केंद्रों में अब भी लगभग 62 लाख क्विंटल धान जाम है, जबकि अब तक सिर्फ 48 लाख क्विंटल धान का उठाव हो सका है। उठाव में हो रही देरी से न केवल समितियों की परेशानी बढ़ रही है, बल्कि मौसम में बदलाव के चलते धान के खराब होने की आशंका भी लगातार बनी हुई है। धान खरीदने के लिए वाहन केंद्रों तक पहुंचने लगे हैं, लेकिन पर्याप्त मात्रा में उठाव नहीं हो पा रहा है। शासन द्वारा 17 जनवरी से 31 जनवरी तक धान परिवहन पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद उठाव शुरू हुआ, लेकिन गति धीमी बनी रही। इससे उपार्जन केंद्रों में धान का भारी दबाव बन गया है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि धान के उठाव के लिए वाहनों की व्यवस्था की जा रही है और जल्द ही केंद्रों से जाम धान का उठाव कर लिया जाएगा।

## परिवहन पर ब्रेक पड़ी भारी, उपार्जन केंद्रों में 62 लाख क्विंटल धान जाम

### 391 करोड़ की वसूली

जिले में 82 हजार किसानों से कुल 413 करोड़ रुपए का उपार्जन कर्ज लिया गया था। धान खरीदी समाप्त होने के बाद अब तक 391 करोड़ रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है। जिन किसानों ने अभी तक राशि जमा नहीं की है, उन्हें मार्च तक भुगतान करना होगा, अन्यथा ब्याज सहित राशि वसूली जाएगी।



### दो दिन में 1341 ने बेचा धान

जिले में 31 जनवरी तक 1 लाख 48 हजार 418 किसानों से लगभग 99 लाख 87 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। दो दिन के अंतराल में कुल खरीदी बढ़कर 101 लाख क्विंटल तक पहुंच गई। इस अवधि में 1341 किसानों ने उपार्जन केंद्रों में धान बेचा, जिससे लगभग 1 लाख 49 हजार क्विंटल धान का समर्थन मूल्य पर विक्रय हुआ। हालांकि अभी भी कई किसान धान बेचने से वंचित रह गए।

## पर्व : मंदिरों में अभिषेक के साथ हुई घरों में विशेष पूजा-अर्चना

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त, गूंजता रहा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर सहित पूरे जिले के ग्रामीण अंचलों में महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिले के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया।

शहर के प्राचीन शिव मंदिर और अन्य स्थानीय शिवालयों को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फल अर्पित किए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं ने सुगमता से दर्शन किए। जिले में दान और सेवा की परंपरा भी देखने को मिली। शहर और गांवों में विभिन्न सामाजिक संगठनों और मंदिर समितियों द्वारा भंडारे आयोजित किए गए। दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को खिचड़ी, फलाहारी भोजन और शरबत का वितरण किया गया। कई स्थानों पर देर रात तक महाप्रसाद का वितरण चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख मंदिरों और मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि यातायात बाधित न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



### गंजपारा से निकली भव्य महाकाल बारात

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सर्व महाकाल परिवार, गंजपारा द्वारा बाबा महाकाल की भव्य बारात निकाली गई। इस अवसर पर पूरा शहर जय श्री महाकाल के उद्घोष से गूंजायमान रहा। गाजे-बाजे और नृत्य के साथ निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव गणों के रूप में शामिल हुए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में दिखी विशेष आस्था



नगर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही। जिले के सुदूर गांवों में स्थित छोटे-बड़े मंदिरों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीण अंचलों में यह मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर महादेव की पूजा करने से खेती-किसानी और परिवार में खुशहाली आती है। सिरपुर, बम्हनी एवं कनेकेरा, दलदली जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नदी में स्नान किया और महादेव के दर्शन किए।

### घरों में हुई विशेष पूजा

इस वर्ष खास बात यह रही कि मंदिरों के साथ-साथ लोगों ने अपने घरों में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए। ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग हर घर में भगवान शिव की प्रतिमा या शिवलिंग का अभिषेक किया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की मंगल कामना के लिए भजन-कीर्तन किए। कई घरों में रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया, जिसमें परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

# झलप के छिलपावन चौक पर क्रेटा कार ने मचाया कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के झलप क्षेत्र अंतर्गत

- बाइक सवार समेत कई घायल

छिलपावन चौक के पास रविवार एक तेज रफ्तार क्रेटा कार के चालक द्वारा वाहन को अत्यंत लापरवाही और तेज गति से चलाने के कारण एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार और बस का इंतजार कर रहे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय दुकानदारों से मिली जानकारी के अनुसार, कार मुनगासेर (झलप) निवासी की बताई जा रही। एक क्रेटा कार काफी तेज गति में छिलपावन चौक की ओर आ रही थी। कार चालक ने सबसे पहले एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बाइक को ठोकने के बाद अनियंत्रित कार सर्विस रोड की ओर जा घुसी। वहां बस के इंतजार में खड़े यात्रियों में से एक यात्री कार की चपेट में आ गया, जिससे उसका पैर टूटने की खबर है। एक अन्य व्यक्ति भी इस घटना में घायल बताया जा रहा है। अंत में कार डिवाइडर से टकराकर रुकी।

### बाल-बाल बचे अन्य लोग

घटना के समय चौक और सर्विस रोड पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार की रफ्तार और दिशा को देखकर वहां खड़े अन्य लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई, अन्यथा घायलों की संख्या और अधिक हो सकती थी।

### अस्पताल में उपचार जारी

हादसे के तुरंत बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना का मुख्य कारण कार की अत्यधिक गति और चालक की लापरवाही को माना जा रहा है।

### वार्षिक सत्संग 18 से

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 18-19 फरवरी को किया गया है। कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में श्री कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर मध्य प्रदेश के अमोही साहेब व कबीर आश्रम ढेठा के बलवान साहेब का अपनी संत मंडली के साथ आगमन हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ, संध्या वंदन, भजन प्रवचन होगा। 19 फरवरी की दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### महाकाल की बारात में शामिल हुए भाजपाई



**महासमुंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर वार्ड क्रमांक 14 गंजपारा से महाकाल की बारात भव्य बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ निकाली गई। शिव की बारात में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, युवा नेता जय तंबोली, साहिल गुप्ता शामिल हुए। इस मौके पर आयोजक समिति की सराहना करते हुए नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि देवो के देव महादेव पूरे संसार में व्याप्त हैं। उनके बिना कोई भी कार्य संपन्न नहीं है। महादेव व माता पार्वती के विवाह की शुभरात्रि है। आज पूरे देश में उल्लास एवं हर्ष का वातावरण है।

# जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की पांच टीम ने ली मैराथन समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में सेक्टर बैठक एवं फील्ड भ्रमण के लिए गठित जिला स्तरीय 05 टीमों द्वारा तुमगांव, बागबाहरा, पिथौरा, सरायपाली, बसना सेक्टर बैठक में पहुंचकर समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मैराथन समीक्षा की गई।

टीमों द्वारा प्रमुख रूप से आरसीएच 2.0, शत-प्रतिशत गर्भवती पंजीयन, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) की पहचान एवं फॉलोअप, एएनसी/पीएनसी सेवाएं, टीकाकरण सत्र, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी, परिवार नियोजन, पोषण अभियान, एनीमिया मुक्त भारत, एनसीडी (बीपी-शुगर स्क्रीनिंग), आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, कायाकल्प फाइलेरिया दवा सेवन (एमडीए), टीबी/एनटीईपी, कुष्ठ/एनएलईपी, आधार बेस्ड अटेंडेंस, रिपोर्टिंग एवं डेटा गुणवत्ता, स्वास्थ्यांक सहित अन्य सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने निर्देशित किया कि सभी



राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गर्भवती पंजीयन शत प्रतिशत, संस्थागत प्रसव में वृद्धि, टीकाकरण कवरेज, मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी, फाइलेरिया दवा सेवन अभियान में शत-प्रतिशत कवरेज, टीबी एवं कुष्ठ कार्यक्रम में सक्रिय खोज, बीपी-शुगर स्क्रीनिंग, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण, कायाकल्प के तहत स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुधार तथा आधार बेस्ड अटेंडेंस एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था को नियमित व सही ढंग से अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य संकेतकों पर बेहतर प्रगति लाने के लिए सतत कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

टीम-01 डॉ. आई नागेश्वर राव (सीएमएचओ) एवं संदीप चंद्राकर (आरएमएनसीएचए कंसल्टेंट) द्वारा सीएचसी पिथौरा, पीएचसी संकरा एवं पीएचसी पिरदा का भ्रमण किया गया। टीम-02 नीलू घृतलहरे (डीपीएम) एवं अनुपम शर्मा (आरएमएनसीएचए कंसल्टेंट) द्वारा सीएचसी बागबाहरा, पीएचसी कोमाखान एवं पीएचसी हाथीबाहरा का भ्रमण किया गया। टीम-03 डॉ. वीपी सिंह (डीएचओ), एकेश्वर शुक्ला (एनएलईपी कंसल्टेंट) एवं राहुल ठाकुर (सीपीएम) द्वारा पीएचसी भिथिडीह एवं पीएचसी भुरकोनी का निरीक्षण किया गया। टीम-04 डॉ. छत्रपाल चंद्राकर (नोडल ऑफिसर), आजु राम वर्मा (एचआर/डीटीसी) एवं विजय ठाकुर (डाटा मैनेजर) द्वारा पीएचसी झलप, पीएचसी पटेवा एवं पीएचसी सिरपुर का भ्रमण किया गया। टीम-05 डॉ. विकास चंद्राकर (नोडल ऑफिसर) एवं उत्तम वाश (डीटीसी-एनटीईपी) द्वारा सीएचसी सरायपाली, पीएचसी सिंघोड़ा एवं पीएचसी पाटसेंद्री का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## दिन और रात के तापमान में उछाल, अब और बढ़ेगा तापमान

# गर्मी की दस्तक, अब चलने लगे कूलर और पंखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले में भी अब ठंड की विदाई होने लगी है। बीते कुछ दिनों से सूरज की तपिश बढ़ने के कारण दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले का अधिकतम तापमान अब 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। वहीं, न्यूनतम तापमान, जो कुछ दिनों पहले तक 10 से 12 डिग्री के आसपास था, अब चढ़कर 15 से 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह सामान्य से अधिक है और आने वाले 7 से 10 दिनों में रात का पारा 20 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे रात में होने वाली हल्की ठंड भी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। फरवरी के महीने में तापमान बढ़ने का मुख्य कारण एक के बाद एक आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभ हैं। पहला विक्षोभ 13 फरवरी को सक्रिय हुआ है और दूसरा 16 फरवरी के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। हवाओं की दिशा बदलने और आसमान साफ रहने के कारण धूप का प्रभाव बढ़ गया है, जिससे लोगों को अब दोपहर में घर से बाहर निकलने पर पसीने आने लगे हैं।





### बाजार में बढ़ी कूलरों की रौनक

गर्मी के जल्दी आगमन को देखते हुए नगर के बाजारों में भी हलचल तेज हो गई है। शहर के लोहिया चौक, स्टेशन रोड और अन्य प्रमुख बाजारों में कूलर और एसी की दुकानें सजने लगी हैं। लोग अपने पुराने कूलरों को ठीक करवाने के लिए मिस्त्रियों के पास पहुँच रहे हैं। दुकानदारों ने ग्राहकों की मांग को देखते हुए नए मॉडल के कूलर और एयर कंडीशनर का स्टॉक जमा करना शुरू कर दिया है। कूलरों में लगने वाली घास (खस) और अन्य सामानों की बिक्री में भी अचानक तेजी आई है।

### राहत और सावधानी

ठंड कम होने से बुजुर्गों और बच्चों को राहत मिली है, जिन्हें कड़ाके की ठंड में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, डॉक्टर सलाह दे रहे हैं कि यह मौसम बीमारी वाला भी हो सकता है। दिन में तेज गर्मी और रात में हल्का ठंडा मौसम होने के कारण सर्दी-खांसी की समस्या बढ़ सकती है। आने वाले दिनों में यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो जिले में मार्च महीने से ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो सकता है। फिलहाल, लोग भारी ऊनी कपड़ों को छोड़कर अब हल्के सूती कपड़ों की ओर रुख करने लगे हैं।

# सांसारिक मोह के बंधन से मुक्ति व मोक्ष का द्वार है श्रीमद भागवत : राजीव लोचन

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में दाऊ स्व. गुलाब चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस स्वामी राजीव लोचन दास महाराज द्वारा परीक्षित व सुखदेव कथा का वर्णन किया गया। महाराज ने बताया कि राजा परीक्षित अपनी मृत्यु का समय जानने के बाद भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने मुक्ति का मार्ग ढूंढा।

आज मनुष्य सांसारिक भोग, विलास में इस कदर मदमस्त हो चुके हैं, कि जो अटल सत्य है उसे टालने का प्रयास करते हैं। मनुष्य के जीवन में एक ही अटल सत्य है और वह है मृत्यु। मृत्यु सभी को आनी है। फिर भी उससे बचने के लिए एड़ी चोटी का प्रयास करते हैं। परीक्षित को पता था कि सात दिन बाद उसकी मृत्यु निश्चित है। इसलिए उन्होंने मुक्ति मार्ग ढूंढा। उन्हें स्वयं भगवान सुकदेव के रूप में मिले। उन्होंने



श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण परीक्षित को कराया। श्रीमद् भागवत कथा में 335 अध्याय हैं। इनमें 6 अध्याय भागवत महात्म्य का है। सुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत महात्म्य के 6 अध्यायों का श्रवण कराया था। जिससे उनकी मुक्ति हुई। स्वामी राजीव लोचन दास ने कहा कि आज हर व्यक्ति सांसारिक मोह-माया में बंधे हुए हैं। इस मोह माया के बंधन से मुक्ति पाने, मनुष्य को मोक्ष दिलाने का एकमात्र माध्यम है तो केवल भागवत है। उन्होंने गौ माता की महिमा का भी वर्णन किया। आज गौ माता सड़कों पर घूम रही है, और कुत्ते घर के अंदर पाले जा रहे हैं। जिस घर में गौ माता का वास होता है, वहां कभी अनिष्ट, अमंगलकारी घटनाएं नहीं होती। उन्होंने कथा व्यास से विधर्मियों को ललकारते हुए कहा कि सनातन धर्म आदि है, अनंत है, इसे कमजोर करने का कुत्सित प्रयास ना करें।

कथा के तृतीय दिवस कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष येतराम साहू, यादव समाज प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा मीडिया प्रभारी आनंद साहू, पंकज चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। उक्त आयोजन द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर द्वारा किया जा रहा है। कथा सुनने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा रायपुर में आयोजित इंडियन पॉवर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनरेशन कंपनी के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र,(डीएसपीएम) कोरबा पूर्व को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विद्युत केंद्र सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कीमत बढ़ाना किसान विरोधी निर्णय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खेती में उपयोग किये जाने वाले जरूरी उर्वरको एनपीके और पोटाश की कीमतें बढ़ाये जाने के केन्द्र के निर्णय का विरोध किया है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। किसान विरोधी यह सरकार हर बजट में खाद सब्सिडी घटा रही है, जिसका सीधा असर कृषि लागत में दिख रहा है। भाजपा की सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा, उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनकी वीरता व बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान देश की एकता, अखंडता और शहीदों के सम्मान की रक्षा के संकल्प को दोहराया गया।

### एनक्यूएएस पर प्रशिक्षण पूरा

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पिछले दिनों दो दिवसीय एनक्यूएएस-आईपीएचएल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निजी होटल में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला स्तर की प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करना तथा एनक्यूएएस प्रमाणन की दिशा में संस्थानों को सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचएम के प्रबंध संचालक रणबीर शर्मा थे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. एसके पामभोई सहित अन्य लोग मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान आठ प्रमुख घटकों, गुणवत्ता सुधार उपायों तथा प्रयोगशाला सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने-अपने संस्थानों में गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

# छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची से 19 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम कटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने प्रदेश की चुनावी तस्वीर ही बदल दी है। ड्राफ्ट मतदाता सूची में 27.34 लाख नाम हटाए जाने के बाद अब तक मात्र 2.95 लाख लोगों ने ही दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। अब साफ है कि अंतिम सूची में 19 लाख से अधिक मतदाता कम हो सकते हैं।

एसआईआर से पहले प्रदेश में कुल 2,12,30,737 मतदाता दर्ज थे। 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 27,34,817 नाम हटाए गए और मतदाताओं की संख्या घटकर 1,84,95,920 रह गई। अब तक मिले आवेदनों को जोड़ भी लिया जाए तो अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या लगभग 1.90 करोड़ के आसपास रहने का अनुमान है।

**खास बातें**

- एसआईआर के बाद बदलेगा चुनावी गणित, अब तक 2 .95 लाख आवेदन
- दावा आपत्ति पर सुनवाई पूरी, 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



### इस कारण से कटेंगे नाम

*निर्वाचन विभाग के अनुसार 6,42,234 नाम मृतकों के थे, जिन्हें हटाया गया। करीब 1.75 लाख नाम दोहरी प्रविष्टि (डबल एंट्री) के कारण हटे। सबसे बड़ी संख्या 19,13,540, ऐसे मतदाताओं की है, जो शिफ्ट हो चुके थे, पते पर उपलब्ध नहीं मिले या सत्यापन में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के दौरान 6.13 लाख मतदाताओं तक बीएलओ पहुंच ही नहीं सके। कई पते पुराने निकले, कुछ घरों पर ताला मिला तो कई मामलों में लोग दूसरे शहरों में जा चुके थे। नोटिस जारी हुए, लेकिन बड़ी संख्या में जवाब नहीं आया। प्रदेशभर में करीब 50 हजार लोग ही सुनवाई में उपस्थित हुए।*

### एआई की सख्ती में फंसे नाम

साफ्टवेयर और एआई आधारित जांच में छोटी-छोटी विसंगतियां भी पकड़ में आईं। नाम में वर्तनी का अंतर, उपनाम गायब होना, एक ही परिवार के दो सदस्यों की एंट्री गड़बड़ होना। कई मतदाताओं के पास निर्धारित 13 में से कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था, जिससे सत्यापन नहीं हो पाया।

### समयसीमा खत्म, अब अंतिम सूची का इंतजार

नाम जुड़वाने के लिए आवेदन की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। फार्म-6 के तहत 2.95 लाख आवेदन ही आए, जो कटे हुए नामों का करीब 10-11 प्रतिशत है। ऐसे में यह लगभग तय है कि बड़ी संख्या में पुराने मतदाता अंतिम सूची से बाहर रह जाएंगे। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। राजनीतिक दलों और चुनावी विश्लेषकों की नजर अब इसी पर टिकी है, क्योंकि मतदाताओं की संख्या में यह बड़ा बदलाव आगामी चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है।

## आठ से बढ़कर 17 होगी शासकीय नर्सिंग कालेजों की संख्या

# नए नर्सिंग कालेजों से 540 सीटों का होगा इजाफा पढ़ाई सस्ती, बुनियादी सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले शिक्षण सत्र से राज्य में आठ नहीं 17 शासकीय नर्सिंग कालेजों में एडमिशन होने की संभावना है। राज्य शासन द्वारा नौ नए कालेज को स्वीकृति देने के बाद बीएससी नर्सिंग की सीटों का इजाफा होगा। सरकारी सीटें 1300 से अधिक होने की वजह से नर्सिंग की पढ़ाई सस्ती होगी। इससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में बुनियादी सुविधाओं का इजाफा होने की उम्मीद है।

राज्य शासन द्वारा नवा रायपुर सहित राज्य के नौ स्थानों पर शासकीय नर्सिंग कालेज की स्थापना की घोषणा की गई है। कालेज के निर्माण के लिए जमीन का चिन्हांकन कर आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद सीजीएमएससी द्वारा 7829.49 लाख रुपए के खर्च से कालेज भवन का निर्माण करने के साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं जुटाई जाएगी। अधिकारिक सूत्रों का दावा है शासकीय कालेजों की संख्या बढ़ने से नर्सिंग की पढ़ाई सस्ती होगी और ज्यादा छात्रों को इसका लाभ मिल पाएगा। वर्तमान में निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की पढ़ाई का शुल्क 60 हजार से 1 लाख रुपए तक है। वहीं शासकीय कालेजों में फीस 20 से 30 हजार रुपए है। 540 सीट बढ़ने के बाद राज्य में नर्सिंग की शासकीय कालेजों की सीट 1300 से अधिक हो जाएगी। इससे ज्यादा छात्रों को पढ़ाई का मौका मिलेगा और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं के साथ मानव संसाधन का इजाफा भी होगा।

**कालेज के लिए जमीन चिन्हांकित, 7829 .49 लाख के खर्च से होगा भवन निर्माण, सीजीएमएससी**




### इन स्थानों पर खुलेगा कालेज

योजना के मुताबिक नौ ने शासकीय नर्सिंग कालेज नवा रायपुर के अलावा, धमतरी, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, जशपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा में खोले जाएंगे। सुदुर इलाकों में नर्सिंग कालेज खोलने का उद्देश्य उस इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। यहां 60-60 सीटों के साथ कालेज की शुरुआत की जाएगी। वर्तमान में शासकीय नर्सिंग कालेज, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायगढ़, कांकेर और राजनांदगांव जिले में संचालित है। इन कालेजों में अभी बीएससी की सौ-सौ सीटें हैं।

### मानव संसाधन की व्यवस्था भी

वर्तमान में शासकीय नर्सिंग कालेज मानव संसाधन की कमी से जूझ रहा है। राज्य के किसी भी शासकीय कालेज में नियमित प्राध्यापक नहीं है और कार्यरत तीन संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। इसी तरह असिस्टेंट प्रोफेसर के काफी पद खाली पड़े है। नए कालेज की शुरुआत के साथ पुराने में भी फैकल्टी की कमी दूर होगी। नए कालेजों के ध्यान में रखते हुए प्रति संस्था 42 पद के मान से कुल 378 पदों की सृजन की अनुमति दी गई जिस पर शीघ्र भर्ती की जाएगी।

### यह होगी चुनौती

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में राज्य में शासकीय और निजी मिलाकर नर्सिंग कालेजों की संख्या 130 के आसपास है जहां बीएससी नर्सिंग की लगभग 7800 सीटें है। इन सीटों पर प्रवेश के लिए हर साल न्यूनतम अंक में कमी की जाती है। जानकारों का कहना है कि कालेजों की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और काफी संख्या में सीट खाली रहने की आशंका हमेशा बनी रहेगी।

# भाजपा के सभी मोर्चा की कल बड़ी बैठक, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं का मिलेगा मार्गदर्शन

- मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यशाला, आएंगे गुजरात के क्षेत्रीय प्रशिक्षक केसी पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का प्रदेश संगठन अपने सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए उनकी एक साथ बड़ी बैठक सोमवार को कर रहा है। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा को भी आमंत्रित किया है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी बैठक में रहेंगे। इन सभी का मोर्चा के नए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन मिलेगा। सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति भी होगी। दूसरे दिन मंगलवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें प्रशिक्षण देने क्षेत्रीय प्रशिक्षक गुजरात के केसी पटेल आएंगे। इस कार्यशाला में संभाग, जिलों के प्रभारियों के साथ जिलों की प्रशिक्षण टोली रहेगी। प्रदेश भाजपा संगठन में सात मोर्चा हैं। इन सभी की कार्यकारिणी के साथ ही जिलों के अध्यक्ष भी घोषित हो गए हैं। ज्यादातर मोर्चा में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ ही जिलाध्यक्ष भी नए हैं। ऐसे में इन सभी को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए सभी मोर्चा की संयुक्त बैठक की जा रही है। 16 फरवरी को होने वाली बैठक में सभी मोर्चा के प्रदेश के सभी पदाधिकारी, स्थाई और आमंत्रित सदस्य और जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है।

### तीन सत्र होंगे

बैठक का उद्घाटन सुबह को होगा। इसके बाद दूसरे सत्र में सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसके बाद अंत में समापन सत्र होगा। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का भी सभी को मार्गदर्शन मिलेगा। सभी मोर्चा में ज्यादातर पदाधिकारी नए हैं, ऐसे में उनको भाजपा की रीति-नीति बताते हुए बताया जाएगा कि किस तरह से काम करना है।

### कार्यशाला में देंगे प्रशिक्षण

दूसरे दिन भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिलों में जो प्रशिक्षण टोली बनाई गई है, उसके साथ ही संभाग और जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है। इनको क्षेत्रीय टोली के केसी पटेल प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले आगे जिलों, मंडल और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम करेंगे।

# विधायक सोनी ने शहीद पंकज विक्रम वार्ड में किया भूमिपूजन

महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर , पार्षद स्वप्निल मिश्रा रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर के साथ शहीद पंकज विक्रम वार्ड में आधा दर्जन विभिन्न स्थानों पर उद्यान सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन, रंगमंच, स्पीड ब्रेकर निर्माण नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होनें वार्ड वासियों को एक साथ करीबन 36 लाख रुपए के विकास कार्यो की सौगात दी।

नगर निगम जोन 6 स्थित शहीद पंकज विक्रम वार्ड में विधायक निधि और सामान्य मद से 6 स्थानों पर विकास कार्यो का भूमिपूजन टैगोर नगर चौक क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने महापौर मीनल चौबे के साथ मिलकर किया। इसमें आरएमएस कालोनी में शिवमंदिर के पास रंगमंच निर्माण , त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेन्द्र नगर में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त हॉल, गुलाब बाबा मंदिर के पास विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य शामिल है।



इसके साथ ही आम जनता की सुविधा के लिए वार्ड के विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, श्रीराम उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, रमेश सपहा सहित वार्डवासी शामिल हुए।


# बिजली बिल बकाया पर सरचार्ज माफ करने की तैयारी, नियम पड़ रहे भारी

**आम उपभोक्ता और सरकारी विभागों को मिलाकर पांच हजार करोड़ की लेनदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उपभोक्ताओं पर पांच हजार करोड़ की लेनदारी है। इसमें से सबसे ज्यादा तीन हजार करोड़ की लेनदारी सरकारी विभागों पर है। वैसे भी सरकारी विभागों पर हमेशा से लेनदारी रहती है। सरकारी विभाग कभी बिजली बिल जमा ही नहीं करते। इसी के साथ बड़े अधिकारी, नेता, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के साथ आम उपभोक्ताओं पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

बकाया वसूली में पॉवर कंपनी का पसीना छूट रहा है। ऐसे में योजना बनाई जा रही है कि सरचार्ज माफ करके बकाया वसूला जाए, लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। इसके लिए नियम कड़े हैं। इसकी मंजूरी लेना भी डेढ़ी खीर है, लेकिन प्रयास जरूर किया जा रहा है। पॉवर कंपनी के लिए बकाया हमेशा से परेशानी का सबब रहा है। खासकर सरकारी विभागों का बकाया लेने में कंपनी को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। विभाग तो बिजली बिल जमा नहीं करते हैं, ऐसे में कंपनी को बकाया वसूली के लिए प्रदेश



सरकार को पत्र लिखकर बजट से बकाया लेना पड़ता है। सरकारी विभागों का बकाया तो देर सवेर मिल ही जाता है, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी का कारण रसूखदार लोग हैं। इनसे बकाया लेने में पसीना छूट जाता है। इनकी बिजली भी कट करने का साहस कंपनी के अधिकारी नहीं दिखा पाते हैं। रसूखदारों पर ही करोड़ों का बकाया है।

### हजार रुपए बकाया पर भी बिजली कट

जहां तक आम उपभोक्ताओं का सवाल है तो इन पर ही हमेशा कड़ाई की जाती है। लंबे समय से वसूली अभियान चल रहा है। प्रदेश के कई शहरों में महज हजार रुपए बकाया पर ही सीधे कंट्रोल रूम से बिजली कट की जा रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह काम आसान हो गया है। राजधानी रायपुर में तीन हजार का बकाया होने पर बिजली कट हो रही है। भले यह बकाया एक माह का ही क्यों न हो।

### सरचार्ज माफ करने का कड़ा नियम

हजारों की संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं जिन पर बरसों से बकाया है। इनके बकाया पर सरचार्ज भी बहुत हो गया है। ऐसे में ये उपभोक्ता बिल ही जमा नहीं करते हैं। सरकारी विभागों पर भी बड़ा सरचार्ज है। अब पॉवर कंपनी इस तैयारी में है कि सभी का सरचार्ज माफ करके वसूली की जाए, लेकिन इसका नियम आसान नहीं है कि एक आदेश निकाल और हो गया काम। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहले कंपनी को कंपनी के बोर्ड में इसकी मंजूरी लेनी होगी, इसके बाद प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजना होगा। वहां से मंजूरी लेने के बाद भी प्रदेश सरकार से भी मंजूरी लेनी होगी, इसी के बाद सरचार्ज माफ हो सकेगा।

# केंद्रीय किचन में 42600 बच्चों के लिए तैयार होता है मध्यान्ह भोजन, खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पहल संस्था द्वारा कमल विहार स्थित संचालित केंद्रीय किचन सेंटर में प्रतिदिन 242 स्कूलों के अध्ययनरत 42600 बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने इस केंद्रीय किचन सेंटर का औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री, भोजन की गुणवत्ता के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। हालांकि इस दौरान उन्हें वहां किसी भी प्रकार की कमियां नहीं मिली।



### कंटेनर में लगभग 4 घंटे तक गरम रहता है भोजन

उन्होंने बताया कि केंद्रीय किचन में बच्चों के लिए बनाया जाने वाला भोजन को कंटेनरों के माध्यम से स्कूलों में भेजा जाता है। कंटेनर में भोजन लगभग 4 घंटे तक गरम रहता है। सुबह के समय लगने वाले स्कूलों के लिए भोजन 7 बजे तक तैयार कर भेज दिया जाता है, वहीं 11 से 12 बजे लगने वाले स्कूलों के लिए अधिकतम 11 बजे तक सभी स्कूलों के लिए भोजन रवाना कर दिया जाता है।



### आलू-राजमा की सब्जी मिक्स दाल, चावल को चखकर परखी क्वालिटी

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने किचन में बच्चों के लिए बना मध्यान्ह भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। किचन में बच्चों के लिए आलू-राजमा की सब्जी, मिक्स दाल एवं चावल बना था। उन्होंने तीनों को चखकर स्वाद और क्वालिटी को परखी। इनका स्वाद और क्वालिटी घर की तरह ही था। इसके साथ ही किचन में साफ-सफाई की व्यवस्था भी सही मिली। हालांकि उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल को यहां पसा कर बनाया जा रहा है, जिससे फार्टिफाइड चावल का पोषक तत्व खत्म हो जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फोर्टिफाइड चावल को चोआ पद्धति से बनाए, ताकि चावल के माध्यम से बच्चों को पोषक तत्व भी मिल सके।

### एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**रायपुर।** नई स्थित दिल्ली केडी जाधव इंडोर स्टेडियम, आईजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 5वां इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 4 से 8 फरवरी एमबी स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर में आयोजित किया गया। जहां एकेडमी रायपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में तृप्ति सिंह ने स्वर्ण पदक तथा पाइंट फाइट में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं श्लोक झा ने भी में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### हुल्लड़बाजी, गाली-गलौज छह आरोपी भेजे गए जेल

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल दाखिल किया है। पुलिस ने रूपेश दिवाकर, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, दिगंबर पटेल उर्फ दिउ, दिलीप साहू, नवल कुमार सिंह, संतोष साहू के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनके द्वारा खमताराई के अलग-अलग क्षेत्रों में हुड़दंग तथा गाली-गलौज की जा रही थी।

### युवक के कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 76 नग प्रतिबंधित नींद की गोलियां जब्त की हैं। पुलिस ने मयंक सोनी उर्फ मीत के कब्जे से नींद की टेबलेट बरामद की हैं। मयंक आरवीएच कालोनी छोटापारा में नींद की गोलियां बेच रहा था। वह किसके पास से ये टेबलेट खरीदा था। इस संबंध में पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### एम्स में नौकरी का झांसा रेप-ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से रेप तथा छह लाख रुपए ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने कवर्धा, पांडातराई निवासी रितेश चंद्राकर (26) को गिरफ्तार किया है। युवती ने आरोप लगाया है कि रितेश ने दो वर्ष पूर्व उसे एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह लाख रुपए ठगी करने के साथ ही उसका रेप किया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया।

## नयापाराकला में रामचरित मानस गान का आयोजन





**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला में महाशिवरात्रि पर शिव भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। एक दिवसीय रामचरित मानस गान का आयोजन किया गया। जहां नयापाराकला सहित आसपास के रामायण मंडली ने भाग लिया। महिला मानस मंडली कलमीदादर, महिला मंडली टूरीझर, महिला मानस मंडली सिंधोरी ने भाग लिया। ग्राम के सरपंच शशि दीवान, गंगाराम दीवान, उपसरपंच अगनीबाई ध्रुव, संतलाल साहू, मोहनलाल पटेल, नरसिंह ध्रुव, सीताराम पटेल, पवन ध्रुव, फागूलाल पटेल, घनश्याम पटेल, मनेष राम दीवान, देवी सिंह ध्रुव, चैनलाल पटेल, हरिशंकर बरिहा, मितलेश साहू, भागीरथी दीवान आदि मौजूद रहे।

## रुद्राभिषेक



**महासमुंद।** गायत्री मंदिर बेमचा के प्रज्ञेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक दूध, दही, घी, गंगाजल, चंदन, शहद आदि से हुआ। आचार्य भगत गुरुजी ने बताया कि भारत में द्वादाश ज्योतिलिंग है, जो साधक सुबह शाम द्वादश ज्योर्तिलिंग श्रद्धा, विश्वास एवं भक्ति पूर्वक पाठ करता है उसके सात जन्मों के पाप-ताप शांत हो जाते है। गुरु एवं गुरु स्तर के महापुरुषों के अपमान से शिवजी क्रोधित होते है। रुद्राष्टक के पाठ से शिवजी की महान कृपा प्राप्त होती है। पश्चात एक कुंडीय गायत्री यज्ञ हुआ। कार्यक्रम में आचार्य भगत गुरुजी, मनहरण लाल साहू, सुकालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, ओम प्रकाश साहू, छन्नू लाल साहू, थनेश चंद्राकर, दुर्गा विश्वकर्मा, रामटहल निषाद, बाबू लाल निर्मलकर, सुनीता ध्रुव, चमेली साहू, चित्ररेखा साहू, लोकेश्वरी चंद्राकर, गोपानीय साहू, टिकेश्वरी साहू एवं समस्त गायत्री परिवार शामिल थे। यह उक्त जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया दुग्धाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

■ महाशिवरात्रि पर थानेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

महाशिवरात्रि के अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने पिथौरा थाना चौक स्थित थानेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महादेव का विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं दुग्धाभिषेक किया। उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से जल, दूध एवं बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव से क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत रखकर रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कर भगवान शिव की आराधना की। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, तप, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। भगवान शिव की कृपा से समाज में सद्भाव, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और मंगल की कामना की।



### वजन त्योहार में शामिल हुई पार्षद कुरैशी

**महासमुंद।** शहर के नयापारा वार्ड क्रमांक 8 आंगनवाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया। पार्षद जरीना हफिज कुरैशी ने बताया कि विष्णुदेव सरकार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्यको लेकर जागरुक है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रहें, इस विषय पर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से अभियान चलाकर कुपोषण को भगाने में सरकार कामयाब हो रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू व वार्डवासी उपस्थित थे।

### मड़ई मेला में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** गाड़ाघाट में महाशिवरात्रि पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया।



जिसमें राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। शिव लिंग में जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। तुषार ने अपने उद्बोधन ने कहा कि इस पवित्र अवसर पर भोलेनाथ आप सभी के जीवन से अज्ञान, अहंकार और दुखों का अंत करें तथा आपके जीवन में सुख, समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति का प्रकाश भर दें। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा शुभम बाग, भुवनेश्वर, डोमार, संतोष, मनहरण, रामजी, हरदेव, हरिश्चंद्र, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# धामनतोरी में तीन दिवसीय भव्य रामायण महोत्सव, ग्रामीणों को पानी टैंकर समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिले के बागबाहरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामनतोरी में तीन दिवसीय भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। धार्मिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन ने पूरे गांव को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए पानी टैंकर भी समर्पित किया गया, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक कलश यात्रा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।




प्रथम दिवस रामचरितमानस के बालकांड का सस्वर पाठ और व्याख्यान हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम के अवतार, उनके बाल स्वरूप और आदर्श संस्कारों पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय दिवस अयोध्याकांड और अरण्यकांड के प्रसंगों के माध्यम से त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदेश दिया गया। तृतीय दिवस सुंदरकांड और लंकाकांड का संगीतमय वाचन हुआ, जिसमें हनुमान जी की अटूट भक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गंभीर रूप ले लेता है, ऐसे में यह टैंकर गांव के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस पहल के लिए ग्रामवासियों ने मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सर्वोत्तम कला सिखाने वाला महान आदर्श है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पटेल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, टीकम प्रसाद दुबे, अनिल पटेल, राधेश्याम पटेल, मोहन प्रसाद दुबे, रामलाल नायक, नरेश नायक, अभेलाल पटेल, जनक पटेल, शेष नारायण पटेल, चिंता राम पटेल, लोखनाथ दीवान, नून करण दीवान, जनक राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का ग्रामवासियों द्वारा सम्मान किया गया। तीन दिवसीय इस भव्य रामायण महोत्सव ने ग्राम धामनतोरी में भक्ति, एकता और विकास का संदेश देते हुए धार्मिक और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# गोंड समाज बार सर्किल के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम देवगांव में अखिल गोंडवाना गोंड समाज बार सर्किल का वार्षिक अधिवेशन हुआ। यह कार्यक्रम तय रूपरेखा में विभिन्न सत्रों में सर्कल अध्यक्ष तेजराम मरई के सभापतित्व में हर्षोल्लास के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अराध्य बूढ़ादेव की पूजा-आरती के साथ की गई। साथ ही मौके पर मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया गया। तय सत्र में वार्षिक सभा पटल पर सचिव बलिराम नेताम ने वार्षिक लेखा-जोखा का पठन कोषाध्यक्ष संतोष मरावी के माध्यम कराया। इस अवसर पर समाज के पूर्व पदाधिकारी बैगा, भूमका, छड़ीदार एवं बुजुर्गों का पीला चांवल एवं पीला गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। सभा सत्र के दौरान महिला प्रभाग के रिक्त पदों पर मनोनयन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष तिरूमाय दुलारी मरई देवगांव,



सचिव ललिता जगत दोंद, सहसचिव लकेश्वरी नेताम दोंद, शिक्षा प्रभारी समता नेताम रामसागर एवं उपसंचालक के पद पर चंदरबाई नेताम हरदी का चयन कर विधिवत शपथ भी दिलाई गई। सत्र के दौरान समाज के गत वर्ष कक्षा 12वीं एवं 10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इसमें कक्षा 12वीं की मनीषा ठाकुर को प्रथम स्थान एवं भानू ठाकुर को द्वितीय स्थान पर सम्मान प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा दसवीं के लिए भोजराम प्रथम एवं रीना नेताम को द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जाह्नवी सिदार, किरणदेवी, लोकेश, करुणा, मनीषा व देवराज को भी कक्षा दसवीं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। इसी तरह कक्षा 12वीं योगिता और एमबीबीएस अध्यनरत किशन ठाकुर को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र का सम्मान दिया गया।

इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने अपने लक्ष्य एवं सपनों से सभा को अवगत कराते हुए शिक्षक, वकील, डॉक्टर, नीट इत्यादि तरह की जानकारी साझा की। मौके दौरान सभा सत्र में निराकरण के लिए दो आवेदन भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें मौके पर एक प्रकरण का निराकरण किया गया तथा दूसरे आवेदन प्रकरण के लिए आवेदकों की सहमति से आगामी बैठक में समय तय कर निराकरण निर्णय लिया गया। साथ ही साथ सर्कल वार्षिक खर्च एवं अन्य कामकाजों के लिए बजट प्रस्ताव भी पारित किया गया। मौका दौरान बेहर राशि का वितरण भी किया गया। वार्षिक अधिवेशन सभा का संचालन संचालक मनोज मरई ने किया। अधिवेशन में मुख्य रूप से सर्किल अध्यक्ष तेजराम मरई, उपाध्यक्ष मेहेम सिंह जगत, सचिव बलीराम नेताम, संरक्षक महेंद्र सिंह जगत, कोषाध्यक्ष संतोष मरावी, शिक्षा प्रभारी लवसिंह पोर्ते, सलाहकार विशंभर जगत, संरक्षक कमलेश्वरी नेताम, कोषाध्यक्ष संतोषी जगत, राजकुमार जगत, गोवर्धन ओटी, बार राज अध्यक्ष मंगतू जगत, सचिव गुलाब सिंह, केंद्रीय समिति 18 गढ़ रानी महल पिथौरा उपाध्यक्ष शिवप्रसाद जगत सहित समाज के मातृ-पितृ एवं युवा-युवतियों की उपस्थिति रही।

## महाशिवरात्रि पर भक्तिमय हुआ बसनाः विधायक ने आदि योगी शिव मंदिर में किया सपरिवार महा रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महाशिवरात्रि पर रविवार को पूरे छत्तीसगढ़ समेत देश के कोने-कोने में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और'ॐ नमः शिवाय के उद्घोष से शिवालय गुंजायमान रहे। इसी कड़ी में बसना के प्रसिद्ध आदि योगी शिव मंदिर में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष महा रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी और परिवार के सदस्यों के साथ मंदिर पहुँचे। उन्होंने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पंचामृत से रुद्राभिषेक किया। पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में विधायक ने पूरी श्रद्धा के साथ आहुतियां दीं और भगवान शिवशंभु से छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व है और इस शुभ घड़ी में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने का सौभाग्य मिलना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। आज का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का उत्सव है। यह शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व है, जो हमें सृष्टि के संतुलन और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि महादेव केवल संहारक नहीं, बल्कि परम कल्याणकारी हैं। मैंने आज आदि योगी के चरणों में शीश नवाकर यही प्रार्थना की है कि हमारे बसना क्षेत्र के किसानों के खेत लहलहाएं, युवाओं को नए अवसर मिलें और हर घर में सुख-शांति का वास हो। सेवा ही मेरा धर्म है और भोलेनाथ का आशीर्वाद मुझे जनसेवा के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करता है।



सुबह से ही आदि योगी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस दौरान वहां उपस्थित आम जनता से भेंट की और उन्हें महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे दर्शनार्थियों को सुगमता से भगवान के दर्शन प्राप्त हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधायक डॉ संपत अग्रवाल की धर्मपत्नी सरोज अग्रवाल, बड़े सुपुत्र सुमित अग्रवाल, बड़ी बहू सोनिया अग्रवाल, थाना प्रभारी शरद दुबे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहित पटेल, विकास वाधवा, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, निर्मलदास, सोहन पटेल, पुलिस बल सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु जनों की उपस्थित रहे।

# लैंडिंग के वक्त रायपुर में लड़खड़ाई फ्लाइट तकनीकी खराबी के बाद भोपाल की उड़ान कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों को लेकर दोपहर तीन बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे पर लड़खड़ा गई। जमीन से टकराकर विमान थोड़ा उछला, जिससे सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। विमान में आई तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट वापसी की यात्रा स्थगित कर दी गई है। इससे भोपाल जाने वाले यात्रियों का सफर पूरी तरह बाधित हो गया, क्योंकि रायपुर से भोपाल के बीच एकमात्र फ्लाइट का संचालन होता है।

### रनवे से टकराकर उछला विमान, यात्रियों में हड़कंप

जानकारी के मुताबिक भोपाल-रायपुर-भोपाल के बीच एक नियमित फ्लाइट का संचालन होता है। शनिवार को यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 38 मिनट लेट से रायपुर के लिए रवाना हुआ थी। सूत्रों के अनुसार दोपहर सवा तीन बजे लैंडिंग के दौरान फ्लाइट रनवे से टकराने के बाद थोड़ी उछली, जिससे उसमें सवार यात्रियों को हल्का झटका लगा और हड़कंप मच गया, मगर थोड़ी देर में ही विमान लैंड हो गया।

### सामान्य स्थिति में हवाई सफर

परीक्षाएं नजदीक आने की वजह से विमानों का सफर अभी सामान्य स्थिति में है। रायपुर एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही 56 से 58 बार प्रतिदिन हो रही है और इसमें यात्रियों की संख्या भी ठीक ठाक है। ट्रैवल्स सूत्रों का कहना कि महीनेभर टिकट बुकिंग का ऑफ सीजन रहने और उसके बाद गर्मी की छुट्टियां मनाने वालों से फ्लाइट भरकर आवाजाही करेगी।



## खबर संक्षेप



### अरंड जंगल में दिखे तेंदूए

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड के जंगल कक्ष क्रमांक 223 में तेंदुआ देखने को मिला है। रास्ता क्रॉस कर कक्ष क्रमांक 222 में तेंदुआ पहुंचा। पहाड़ी पर ठाकुरदिया मार्ग से बुंदेली मार्ग है। जिसमें तीन तेंदुओं को इस रास्ते से गुजर रहे विमल दास मानिकपुरी और पूनम मानिकपुरी ने देखा। ये तेंदूए कक्ष क्रमांक 222 में चंदवा डोंगरी पहाड़ी के नीचे थे। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर छविराम साहू तत्काल वहां पहुंचे। वहीं राकेश ध्रुव बीट गार्ड, अमृतलाल बीट गार्ड ने गांवों में मुनादी करा दी है। चौकीदार सुभाष, राजकुमार, शोभाराम ध्रुव आदि विभागीय कर्मचारियों द्वारा गश्त किया जा रहा है।



### कर्मा सेना पटेवा मंडल के अध्यक्ष बने रुमेश

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में मंडल का गठन हुआ। पटेवा मंडल अध्यक्ष रुमेश साहू, उपाध्यक्ष शुभम साहू, सचिव कुशल साहू, अन्य सदस्य की उपस्थित रहे। अध्यक्ष रुमेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज की एकता का मुख्य संदेश संगठन में ही शक्ति है और सामाजिक समरसता है, जो भाईचारे, शिक्षा प्रसार, कुरीतियों को खत्म करने और गरीब से गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर समाज के समग्र विकास पर जोर देता है। माता कर्मा देवी के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षित, जागरूक और एकजुट समाज बनाने का संकल्प, गौरवशाली इतिहास के साथ युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन देना है।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय गृहमंत्री के बंगला में शिफ्ट होगा

# पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों की बैठक व्यवस्था अगले सप्ताह बदलने जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए तीन सप्ताह हो गए। पुलिस कमिश्नरेट में जिल डीसीपी को कार्यालय नहीं मिल पाया था, उन अधिकारियों के लिए भी कार्यालय के जगह का यचन कर लिया गया है।

इसके साथ ही सोमवार से पुलिस कमिश्नर के अलावा पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं का प्रयोग कर गुंडे बदमाशों को जेल भेजने के साथ उनकी जमानत की सुनवाई करेंगे। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कार्यालय अगले सप्ताह के अंत तक गृहमंत्री के बंगले में शिफ्ट हो जाएगा। इसके अलावा रायपुर सेंट्रल जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर का कार्यालय वर्तमान में पुराना पीएचक्यू के एसआईबी बिल्डिंग में संचालित हो रहा है। उनका कार्यालय वर्तमान में जीई रोड स्थित पुराना राजस्व कमिश्नर कार्यालय जहां पुलिस कमिश्नर का कार्यालय संचालित हो रहा है, वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसी तरह से रायपुर वेस्ट के डीसीपी संदीप पटेल के कार्यालय के लिए जगह का निर्धारण कर लिया गया है। क्राइम डीसीपी का कार्यालय सिविल लाइंस से शिफ्ट होकर पुराना पीएचक्यू स्थित एसआईबी बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। ट्रैफिक डीसीपी का कार्यालय सी-4 बिल्डिंग में निर्धारित किया गया है।

## पुलिस कमिश्नरेट का दफ्तर छोटा, नई जगह शिफ्ट करने कमिश्नर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीई रोड स्थित पुराना आयुक्त कार्यालय में संचालित पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय काफी छोटा है। वर्तमान दफ्तर में पुलिस कमिश्नर के साथ एसीपी के बैठने की व्यवस्था है। क्लरिकल काम के लिए तय अनुपात से काफी छोटी जगह दी गई है। जगह की कमी को देखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ.




**शासन को भेजा है पत्र**

*वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट के लिए आवंटित जगह काफी छोटी पड़ रही है। नई ऑफिस के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। इसके लिए शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा।*

**अब तक ट्रैफिक डीसीपी, पश्चिम डीसीपी को नहीं मिला कार्यालय**

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू हुए एक पखवाड़े से ज्यादा समय बीत गया है। बावजूद इसके कई अफसरों को अब तक कार्यालय नहीं मिला है। इनमें रायपुर पश्चिम जोन के डीसीपी के साथ ट्रैफिक डीसीपी को अब तक कार्यालय आवंटित नहीं किया गया

**न्यायिक शक्तियों के इस्तेमाल से कार्रवाई में तेजी**

सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट के अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए सुनवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर सकते हैं। अफसरों द्वारा अपनी न्यायिक शक्तियों के प्रयोग करने से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार बदमाशों को एडीएम, एसडीएम कोर्ट में पेश नहीं करना पड़ेगा।

# बजट की सहीं जानकारी युवाओं तक पहुंचाने हुआ युवा संवाद कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्रीय बजट 2026 को युवाओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने तथा बजट को लेकर युवाओं का विचार जानने 13 फरवरी को स्थानीय बीटीआई रोड विधायक कार्यालय परिसर में भाजपा जिला युवा मोर्चा द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह गोल्डी आदि का आभार व्यक्त किया।

अमन ने बजट को युवाओं व स्टार्टअप के हित में बताते हुए कहा कि आमतौर पर बजट के बारे में लोगों को जानकारी नहीं हो पाती, इसलिए बजट में किए गए जनकल्याणकारी प्रावधानों से आमजन को अवगत कराने युवा मोर्चा द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम रखा गया था। यह बजट खासतौर पर युवाओं, मध्यम वर्ग और स्टार्टअप्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट की सही जानकारी युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। ताकि, भ्रम और विपक्ष के दुष्प्रचार से बचा जा सके। बजट में रोजगार सृजन, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस प्रावधान किए गए हैं। युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और बजट के लाभ आम लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें।

# भाजपा के स्वीकृत काम को अपना श्रेय ले रही कांग्रेस विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

■ सरला कोसरिया ने कहा: स्थानीय विधायक अखबारों में झूठी वाहवाही लूट रही



महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि स्थानीय विधायक सिर्फ़ अखबारों में झूठी वाहवाही लूट रही हैं, असली विकास भाजपा के सांसद रूपकुमारी चौधरी, महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, पूर्व विधायक द्वय त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपोवेजा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्रकुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, देवकी दीवान और लोकनाथ बारी आदि भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं राजेंद्र नायक, स्वर्ण सिंह सलूजा, कामता पटेल, धनेश नायक, चंद्रकुमार पटेल और मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्यों की मेहनत से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरायपाली की जनता अब थक चुकी है इस ड्रामे से। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब पांच सालों में विकास की एक ईंट भी नहीं रखी गई। सड़कें टूटीं, पानी नहीं, बिजली की किल्लत, स्कूल-आंगनबाड़ी जर्जर। लेकिन जैसे ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई, विकास की गंगा बहनी शुरू हो गई। नई सड़कें, पुल, सिंचाई, स्कूलों का जीर्णोद्धार, हर विभाग में कामों की बाढ़!फिर भी सरायपाली की विधायक सिर्फ़ वाहवाही लूटने में माहिर हैं।

# डोकरपाली में त्रि-दिवसीय रामायण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम डोकरपाली में आयोजित त्रि-दिवसीय रामायण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय कंवर समाज केंद्रीय कार्यालय पमशाला जिला जशपुर कौशल्या देवी साय के आगमन के साथ हुआ।

शुभारंभ अवसर पर कौशल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति, मर्यादा, कर्तव्यपरायणता और आदर्श जीवन का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को हम सभी का दायित्व बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या छल के माध्यम से होने वाला धर्मांतरण समाज में विघटन उत्पन्न करता है, इसलिए समाज को जागरूक एवं संगठित रहना आवश्यक है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श शासन, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का मार्गदर्शन करने वाला ग्रंथ है। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण हमारे भारतीय समाज की आत्मा है। भगवान श्रीराम ने त्याग, सत्य, तपस्या और न्याय के माध्यम से आदर्श जीवन की स्थापना की। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर अलका नरेश चंद्राकर छाया विधायक, रवि फरोदिया सभापति जिला पंचायत महासमुंद, धनंजय साहू जनपद सदस्य, जानवी साहू जिला उपाध्यक्ष, पीलेश्वर पटेल, जितेंद्र साहू, सरपंच रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष मायाराम साहू, हेमंत साहू, भूमि विनय साहू, सरपंच वासना दीवान, कोमल दीवान, हीरा सिंह दीवान, बजरंग अग्रवाल, विजय देवांगन, कैलाश साहू (सरपंच बिहार), उपसरपंच धनुराम निषाद, जीवाखान साहू आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी आनंद साहू जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ने दी है।

# आवास योजना के तहत बने मकानों का निरीक्षण करने पहुंची हुलसी

### 2025–26 के लक्ष्य व स्वीकृति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

जनपद क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण करने हुलसी चंद्राकर पहुंची। इस दौरान उन्होंने न केवल निर्माणाधीन व पूर्ण आवासों की भौतिक स्थिति देखी, बल्कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लक्ष्यों और प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2025–26 में महासमुंद विकासखंड के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल लक्ष्य: 4, 798 आवास पात्र हितग्राही: 3, 548 स्वीकृत आवास: 3, 504 निरीक्षण के दौरान हुलसी चंद्राकर ने लाभार्थियों से चर्चा कर आवास निर्माण की गुणवत्ता, किस्तों के भुगतान, शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिले। कुछ स्थानों पर हितग्राहियों ने किस्त भुगतान एवं निर्माण में देरी की समस्या रखी, जिस पर हुलसी चंद्राकर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की योजना है और इसमें लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। इस अवसर पर जनपद के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



### शिक्षक संघ के निर्वाचन में रोहिणी उपाध्यक्ष एवं जयराम सचिव चुने गए



**अरंड(पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद के निर्वाचन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरंड के प्रधान पाठक रोहिणी कुमार देवांगन उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद पर शाला के ही शिक्षक जयराम पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए। दोनों के निर्वाचन पर संकुल के शिक्षकों ने हर्ष जताया है। जिसमें संकुल प्राचार्य नमोकंकण प्रसाद तिवारी, व्याख्याता सोनसाय पटेल, प्रदीप कर, शैलेंद्र सिन्हा, नकुल राम साहू, सियाराम साहू ,डीगम साहू, डोलमणी साहू, पालेश्वर पटेल, रेहाना बानो, नरसिंह पटेल, अभिनंदन नाग आदि शामिल है।

# होली फेथ स्कूल में हुआ ओपन माइक कंपीटिशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में ओपन माइक कंपीटिशन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम से हुआ। तत्पश्चात चेयरमैन महेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मनुष्यों के अंदर कुछ न कुछ विशेष खूबियां होती है, उन खूबियां को पहचानने के लिए सुअवसर की आवश्यकता होती है, जो रंगमंच के माध्यम से ही प्राप्त होती है। इसी के तहत अभिव्यक्ति कौशल थीम द्वारा होनहार बच्चों कला, अभिनय, मेलोडियस मधुर सस्वर गीत संगीत, गजल, शायरी, वाद्ययंत्रः तबला वादन, ढोलक वादन, हारमोनियम द्वारा सात सुरों के सरगम से होली फैथ पाठशाला, प्रांगण श्रृंगार रस, वीर रस, हास्य रस, माधुर्य, ओज, प्रसाद गुण से सराबोर हो गया। यह आयोजन प्राचार्य शर्वरी पींचा के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य ने कहा कि किताबें हमारा मित्र है। बच्चों के किताबों से सीखे शिक्षण अधिगम,




अभिरुचि को मंच द्वारा परखने से विविध कला विद्या ज्ञात होती है। कक्षा एलकेजी से कक्षा ग्यारहवीं तक लगभग 200 बच्चे प्रतिभागी रहे। सभी बाल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक एकल, युगल प्रस्तुति दिए। जैसे संचालन कर्ता, अभिनय, गीतकार, संगीतकार आदि। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ शिक्षक जयेश जैन थे, जिन्होंने अपने परिकल्पना से बच्चों के मन को पढ़ा। समझा और अद्भुत अकल्पनीय मौका प्रदान किए। संचालन कक्षा सातवीं छात्राओं, तारिणी साहू एवं झरना साहू ने संयुक्त रूप से किए। शिक्षिका सरोज सोनवानी के मार्गदर्शन में, सरोज ने बच्चों को तराशकर नायाब, कोहिनूर कलाकार बनाए। निर्णायक कार्य शिक्षक प्रीतपाल सिंग, अनिशा यदु, फोटोग्राफी शिक्षिका खेमे चंद्राकर, प्रियंका षड़ंगी एवं आयुष अग्रवाल, मैनेजमेंट वरिष्ठ शिक्षिका पूजा कामदार, आरती झा एवं आकांक्षा मिश्रा थे।

# सोलर पावर प्लांट स्थापना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत जंगलबेड़ा में प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजना को लेकर विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा शासकीय भूमि पर सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। परियोजना के खिलाफ ग्रामीण धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय नेता एवं विधायक अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय सरायपाली पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार सरायपाली सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से उन्हें कोई ठोस एवं संतोषप्रद आश्वासन नहीं दिया गया। स्पष्ट निर्णय या लिखित भरोसा न मिलने से नाराज़ ग्रामीण एसडीएम कार्यालय परिसर में ही डटे रहे। उल्लेखनीय है कि बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक लापरवाही और संवादहीनता के चलते आमजन को नुकसान उठाना पड़ा है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ निर्वाचन में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचन

# अनिल पटेल बने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला इकाई का निर्वाचन प्रांतीय निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी अरुण प्रधान प्राचार्य डाइट महासमुंद, पर्यवेक्षक रुपेंद्र साहू जिला संगठन मंत्री गरियाबंद, सहायक निर्वाचन अधिकारी मानिक साहू एवं जिला निर्वाचन प्रभारी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय महासमुंद में हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार चुनाव मैदान में थे, जिसमें अनिल पटेल 41 मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं भगोलीराम साहू को 27 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए जयराम पटेल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उपाध्यक्ष 3+01 (महिला) के लिए तोपसिंह पटेल (बसना), रोहिणी कुमार देवांगन (पिथौरा), टंकेश्वर जायसवाल सरायपाली एवं अनिता सिन्हा महासमुंद निर्वाचित हुई। कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद नायक (बसना) बनाए गए। उपसचिव पद के लिए निर्वाचन की स्थिति निर्मित हुई। जिसमें टोहन कुमार देवांगन महासमुंद, प्रकाशचंद्र टंडन बागबाहरा, सविता साहू सरायपाली एवं प्रीति कर्माकर महासमुंद निर्वाचित घोषित हुई।



इस पद के लिए हुए निर्वाचन में सविता साहू सर्वाधिक 58 मत प्राप्त की। कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित के लिए दाऊसिंह दीवान बागबाहरा, शैलेंद्र नायक सरायपाली, उत्तम कुमार वर्मा महासमुंद एवं चेतन सिंह दीवान महासमुंद निर्वाचित हुए।

जिला निर्वाचन प्रभारी टेकराम सेन ने निर्वाचन पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ सदैव राष्ट्रहित शिक्षा हित शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों के साथ राष्ट्र सेवा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम सभी शिक्षक संघ के सदस्य व कार्यकता हैं। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ का बागडोर हमारे अभिन्न साथी एलबी संवर्ग के हाथों हस्तांतरित हुआ है एवं बहुत सारे पदों पर एलबी संवर्ग के साथी निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन को संपन्न कराने में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, संभागीय सचिव ओंकार वर्मा, अशोक शर्मा, चंद्रहास पात्र, भागवत जगत, डी. बसंत साव, किशोर कुमार रथ, यूके दास, रोहिणी देवांगन, जैनेंद्र चंद्राकर, खगेंद्र तारक, भगोलीराम साहू सहित समस्त पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी भगोलीराम साहू एवं डी बसंत राव ने दी है।

